जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर
68/16

FORM No. 111

फर्द अहकाम

(नियम 26)

बअदालत जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर

....................धारा 11/14 उपनिवेशन अधिनियम प्र0 सं0 5/2014 गुरूद्वारा सिंह सभा बनाम हरमीत सिंह वगैरा न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्र0) श्रीगंगानगर अन्यत्र मुन्तकिल बाबत...

RCMS 2016/00205

किस्म मुकदमाः—मुन्तकिली प्रकरण सं0:—68/2016

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

तारीख हुक्म	कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख
22—07—2016	श्री कर्ण सिंह गोठवाल अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर ने अपने पत्र संख्या रीडर/16/1488 दिनांक 22.06.2016 से निवेदन किया था कि उनके न्यायालय में धारा 11/14 उपनिवेशन अधिनियम का प्रकरण संख्या 5/2014 गुरूद्वारा सिंह सभा बनाम हरमीत सिंह वगैरा का विचाराधीन है जिसमें तारीख पेशी 22.06.2016 बहस के लिए नियत थी। इस प्रकरण का निर्णय करने के लिए दोनो पक्षो द्वारा उन पर राजनैतिक दबाब बनाया जा रहा है। ऐसी अवस्था में उनके द्वारा इस प्रकरण को अन्य किसी सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित करने के लिए प्रार्थना की गयी थी। अब चूंकि श्री कर्ण सिंह गोठवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्र0) श्रीगंगानगर का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है एवं वे कार्य मुक्त हो गये है और नये पीठासीन अधिकारी भी आ गये है। इसलिए इस प्रकरण को अन्यत्र मुन्तकिल करना उचित नही है। अतः यह प्रकरण नियमानुसार सुनवाई एवं निस्तारण हेतू अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्र0) श्रीगंगानगर को वापिस लौटाया जाता है। आदेश की प्रति सहित उक्त पत्रावली सहित अति0 जिला कलक्टर (प्र0) श्रीगंगानगर को पालनार्थ भेजी जावे। प्रकरण दर्ज कर नम्बर से कम हो। आदेश सुनाया गया। जिला कलक्टर श्रीगंगानगर	
1328 27-7-16		